अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला

अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,
मन के मंदिर में तुझको वसाया
गुण तेरा ही हम ने है गाया,
अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,

ये श्रधा के फूल बाबा करे तुझे अर्पण
तू हमारा इष्ट बाबा मारुते के नन्द,
देव तुम सा नही कोई पाया
गुण तेरा ही हम ने है गाया,
अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,

चालीसा का पाठ करे तेरा बड़े प्यार से
भोग तो लगाये बाबा तेरा बड़े चाव से
राम भजनों से तुझको रिजाया
गुण तेरा ही हम ने है गाया,
अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,

लागी है लगन हमे मिले तेरी बंदगी
बाबा तू सवार देना बाबा ये हमारी जिंदगी,
रखना हम पे तू जी छतर छाया
गुण तेरा ही हम ने है गाया,
अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,

तनिष्का और हम मांगे बाबा तेरा प्यार है
तेरे ही भरोसे चले अपना परिवार है
मांगते है तुम्हारा ही साया,
गुण तेरा ही हम ने है गाया,
अंजनी लाला जपे रोज हम तेरी माला,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18595/title/anjani-lala-jape-roj-hum-teri-mala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |